# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति सं0–PR ............/2023

**माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (STET), 2023 आयोजन के संबंध में आवश्यक सूचना**

एतत् द्वारा विज्ञप्ति संख्या पी०आर० 224/2023 के क्रम में माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (STET), 2023 में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों एवं सभी संबंधितों को सूचित किया जाता है कि समिति द्वारा प्रकाशित विज्ञप्ति संख्या पी०आर० 224/2023 में टंकण भूलवश उच्च माध्यमिक पेपर–II के परिशिष्ट–2 में सामान्य विषय अन्तर्गत प्राणीशास्त्र एवं वनस्पतिशास्त्र के स्थान पर **जीव विज्ञान (विषय कोड–216)** अंकित हो गया है, जिसे अब **प्राणीशास्त्र विषय कोड–216** एवं **वनस्पतिशास्त्र विषय कोड–229** समझा जाए। तदनुसार समिति की विज्ञप्ति संख्या पी०आर० 224/2023 को इस हद तक संशोधित समझा जाए।

2. उक्त परीक्षा में जो अभ्यर्थी उच्च माध्यमिक पेपर–II के अन्तर्गत जीव विज्ञान विषय एवं विषय कोड–216 में आवेदन SUBMIT कर चुके हैं, उन्हें सूचित किया जाता है कि समिति के बेवसाइट पर अपने USER ID एवं PASSWORD का उपयोग कर विषय एवं विषय कोड में **(प्राणीशास्त्र विषय कोड–216** या **वनस्पतिशास्त्र विषय कोड–229)** निश्चित/अचूक रूप से संशोधन कर लें।

3. अभ्यर्थी भरे गये ऑनलाइन परीक्षा आवेदन–पत्र को पुनः जाँच कर लें, अगर भरे गए आवेदन पत्र में किसी भी प्रकार की त्रुटि परिलक्षित हो तो वे अपने USER ID एवं PASSWORD की मदद से त्रुटिपूर्ण विवरण का सुधार दिनांक 23.08.2023 तक निश्चित रूप से करना सुनिश्चित करेंगे।

4. **आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 23.08.2023 के बाद किसी भी त्रुटिपूर्ण विवरण को सुधार करने का अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा। अतः अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि ऑनलाइन आवेदन पत्र में अपनी विवरणी शुद्ध–शुद्ध अंकित करें। त्रुटिपूर्ण विवरण अंकित करने के लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेवार होंगे।**

समिति की विज्ञप्ति संख्या–पी०आर० 224/2023 की शेष निदेश यथावत् रहेगी।

13/8/23

परीक्षा नियंत्रक (विविध)

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

ज्ञापांक : के0वि0– 470/2023 पटना, दिनांक–13/08/2023